राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन
विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार

# मासिक रिपोर्ट – मार्च 2024

## एन.एस.जी.एम. परियोजना प्रबंधन यूनिट

### क. एन.एस.जी.एम. स्मार्ट ग्रिड परियोजनाएँ

1. **JVVNL, राजस्थान:** NSGM अनुदान की अंतिम किश्त ₹1.927 करोड़ स्वीकृत और जारी हुई। परियोजना 1,45,343 स्मार्ट मीटर्स लगाने के साथ ही वित्तीय समापन प्राप्त किया और मीटरों का संचालन और रखरखाव 1 नवंबर 2023 से शुरू हुआ।
2. **CED, चण्डीगढ़ (सब डिवीजन 5):** सर्वेक्षण के अनुसार सभी स्मार्ट मीटर (24,214) क्षेत्र में स्थापित किए गए। स्थापित मीटरों का संचालन और रखरखाव 1 जुलाई 2023 से शुरू हुआ। शेष 61 स्मार्ट फीडर मीटर स्थापना का कार्य संचालन और रखरखाव चरण के अंतर्गत प्रगति पर है।

सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति https://www.nsgm.gov.in/hi/sg-status पर देखा जा सकता है।

### ख. बैठक व गतिविधियाँ

1. 11 मार्च 2024 को सचिव (विद्युत) की अध्यक्षता में संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (RDSS) की 31वीं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें वाराणसी स्मार्ट वितरण परियोजना के लिए नोडल एजेंसी (REC) द्वारा अनुशंसित 312.24 करोड़ रुपये की मूल्यांकित लागत और योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार अन्य लागू शुल्कों के साथ DPR को मंजूरी दी गई।
2. 7 मार्च 2024 को निदेशक NPMU ने "स्मार्ट ग्रिड वेधशाला: स्मार्ट ग्रिड पर EU-भारत उच्च-स्तरीय विशेषज्ञ पैनल" की पहली बैठक में भाग लिया।
3. 21 मार्च 2024 को निदेशक NPMU ने "दक्षिण एशिया में इलेक्ट्रिक वाहनों की तैनाती: EV एकीकरण – दक्षिण एशिया में युटीलिटीज के लिए चुनौतियां और आगे का रास्ता" विषय पर आयोजित ज्ञान श्रृंखला के दौरान मुख्य भाषण दिया।
4. 7 मार्च 2024 को NPMU अधिकारी ने सदस्य (ग्रिड प्रचालन एवं वितरण), केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की अध्यक्षता में आयोजित "सोलर रूफ टॉप सिस्टम के लिए नेट मीटर के निर्माताओं के पैनलीकरण" के लिए गठित समिति की दूसरी बैठक में भाग लिया।
5. 14 मार्च 2024 को निदेशक NPMU ने नई दिल्ली में आयोजित "भारत स्मार्ट युटीलिटी सप्ताह" के दौरान "एनर्जी पॉजिटिव स्मार्ट बिल्डिंग एंड कैंपस" (USAID/SAREP के सहयोग से) विषय पर आयोजित विशेष सत्र में मुख्य भाषण दिया।
6. 18 मार्च से 20 मार्च 2024 तक डिस्कॉम के अधिकारियों और संबंधित हितधारकों के लिए "स्मार्ट ग्रिड एप्लिकेशन" पर 11वां, 3-दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को SGKC, मानेसर में 100% NSGM वित्त समर्थन के साथ आयोजित किया गया।
7. मार्च 2024 तक, विभिन्न स्थानों पर 1.02 करोड़ से अधिक स्मार्ट मीटर स्थापित किए गए (नोडल एजेंसियों जैसे PFC और REC से एकत्रित आंकड़ों के अनुसार)। अधिक जानकारी https://www.nsgm.gov.in/en/state-wise-map, https://www.nsgm.gov.in/en/sm-stats-all से प्राप्त की जा सकती है।

**sd/-**

**निदेशक, NPMU (प्रभारी)**
**dir.npmu.nsgm@gov.in**